अमर उजाला

बरेली
सोमवार, 15 दिसंबर 2025
पौष कृष्ण-एकादशी
विक्रम संवत-2082

PAGE NO 6 : TOP

# एसआरएमएस में एल्युमनी मीट का आयोजन



बरेली (वि)। श्री राम मूर्ति स्मारक एलुमनी एसोसिएशन की ओर से श्री राम मूर्ति स्मारक इंस्टीट्यूट में सिल्वर जुबली एल्युमनी मीट का आयोजन किया गया। इसमें बी-टेक, बी. फॉर्म. पीजीडीएम, पीजीडीएचएम के पूर्व विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर संस्थान के चेयरमैन देव मूर्ति, सचिव एसआरएमएस ट्रस्ट आदित्य मूर्ति एवं प्रो. सुभाष मेहरा ने केक काटकर सिल्वर जुबली मनाई। कार्यक्रम का शुभारंभ 12 दिसंबर को एसआरएमएस अलखनंदा में संगीत कार्यक्रम के साथ हुआ। 13 दिसंबर को सभी का एसआरएस कैंपस में स्वागत किया गया। एसआरएमएस एलुमनी एसोसिएशन की उपाध्यक्ष दीपाली गुप्ता ने सभी एल्युमनी को संबोधित करते हुए उनका धन्यवाद किया। इस अवसर पर प्रो सुभाष मेहरा, ट्रस्ट एडवाइजर डॉ प्रभाकर गुप्ता, प्रधानाचार्य डॉ. अनुज कुमार आदि मौजूद रहे।